गुरुवार 13 जुलाई 2023
केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर शादी के दो माह बाद नवविवाहिता की हत्या

3






### विधानसभा का मॉनसून सत्रः तीसरे दिन 35 मिनट चला सदन

# हंगामे की भेंट चढ़ी सदन की कार्यवाही



बुधवार को विधानसभा में तेजस्वी यादव जब जवाब रहे थे तभी बीजेपी विधायक कुर्सी को उठाकर उछालने लगे।

- डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं बीजेपी के विधायक
- बीजेपी विधायकों ने वेल में रखी कुर्सी को उछाला, उसे तोड़ भी दिया

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा सत्र के तीसरे दिन भी बीजेपी के निशाने पर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव रहे। बुधवार को सदन की कार्यवाही करीब 35 मिनट ही चली। तेजस्वी यादव को बर्खास्त करने, शिक्षक भर्ती नियमावली में हुए बदलाव को वापस लेने समेत कई मुद्दों को लेकर बीजेपी ने जोरदार हंगामा किया। प्रश्नकाल के दौरान तेजस्वी यादव का बीजेपी ने विरोध जताया। लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की है। इसमें तेजस्वी को भी आरोपी बनाया गया है। तेजस्वी अपने मंत्रालयों के विषयों पर जवाब रहे थे। इस दौरान बीजेपी के विधायक सीधे वेल में पहुंच गए। पोस्टर दिखाकर विरोध करने लगे। बीजेपी विधायक तेजस्वी के इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं। स्पीकर ने मार्शल को बीजेपी विधायकों से पोस्टर लेने के लिए कहा। बीजेपी विधायक वेल में रखी कुर्सी को उठाकर उछालने लगे। बीजेपी के विधायकों ने ना केवल कुर्सियों को इधर-उधर फेंका बल्कि कुर्सी को भी तोड़ दिया। विरोध जताने के दौरान कागज फाड़कर भी उड़ाए गए।

**विजय कुमार सिन्हा बोले- अपनी कुर्सी बचा रहे नीतीशः** तेजस्वी यादव के इस्तीफे को लेकर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नीतीश कुर्सी बचाने के लिए डिप्टी सीएम को बर्खास्त नहीं कर रहे। आरजेडी के सहारे सीएम हैं। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का ढोंग करते हैं। चार्जशीटेड भ्रष्टाचारी डिप्टी सीएम तेजस्वी सदन में कैसे आ जाते हैं? उनको इस्तीफा देना चाहिए। सदन में स्पीकर सत्ता पक्ष के इशारे पर हम लोग को बोलने नहीं दे रहे। सदन नहीं चलने देंगे। सदन के अंदर, सड़क पर भी लड़ाई लड़ेंगे। तेजस्वी को बर्खास्त करना पड़ेगा। इसके पहले विधानसभा परिसर में भी बीजेपी के विधायकों ने हंगामा किया। किसान सलाहकारों की मांगों को मानने, तेजस्वी के इस्तीफे समेत अन्य मुद्दों पर बीजेपी के तमाम विधायकों ने प्रदर्शन और नारेबाजी की।

### 2017 में ही चार्जशीट हुई, शपथ लेने के दौरान क्यों नहीं रोका: तेजस्वी

बिहार विधानसभा में बीजेपी के हंगामा पर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि विपक्ष में जो लोग बैठे हैं उन्हें देख कर लगता ही नहीं है कि वे विधायक हैं। विधायक का जो आचरण होता है वे इनमें नहीं दिखता है। उनका काम केवल उलटी-सीधी बातें करना और कमेंट करना है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी को मुद्दों से कोई मतलब नहीं है। वहीं, चार्जशीट के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि 2017 में ही मेरे पर चार्जशीट हुई थी. 2017 से 23 तक क्या हुआ? यह तो भगवान ही जानते हैं, लेकिन 2017 से चार्जशीट होने के बाद दोबारा डिप्टी सीएम के लिए शपथ ले रहे थे तो किसी ने इस पर सवाल नहीं किया। अब जब शपथ ले लिए तो विपक्ष सवाल खड़ा कर रहा है।

### देश में बढ़ती महंगाई और मणिपुर हिंसा पर सत्ता पक्ष ने किया प्रदर्शन

देश में बढ़ती महंगाई और मणिपुर हिंसा पर सत्ता पक्ष ने विधानसभा में प्रदर्शन किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी के खिलाफ हाय-हाय के नारे लगाए और महंगाई खत्म करने की मांग की। वहीं शिक्षक नियुक्ति के मामले पर लेफ्ट पार्टियों ने विधानसभा में प्रदर्शन किया। विधायक सुदामा प्रसाद ने कहा कि सरकार डोमिसाइल नीति को लागू करें। शिक्षकों को राज्यकर्मियों का दर्जा दिया जाए।

# जनसेवक का दर्जा मांग रहे किसान सलाहकारों पर लाठीचार्ज

- विधानसभा घेरने जा रहे थे सभी, चेतावनी के बाद भी नहीं माने तो पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा
- किसान नेता बोले, सरकार मांग नहीं मानती तो होगा उग्र आंदोलन



**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में बुधवार को आर ब्लॉक के पास प्रदर्शन कर रहे किसान सलाहकारों पर पुलिस ने जमकर लाठियां बरसायीं। पुलिस ने किसान सलाहकारों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। ये किसान सलाहकार जनसेवक के पद पर समायोजित करने की मांग कर रहे थे। इस मांग को लेकर विधानसभा घेराव करने जा रहे थे। इसके बाद पुलिस ने इन्हें रोका और सभी को लौट जाने को कहा। जब प्रदर्शन कर रहे लोग नहीं माने और आगे बढ़ने लगे तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज के बाद लोग गिरते पड़ते भाग रहे थे। पुलिस उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीट रही थी। इस दौरान कुछ महिलाएं भी सड़क पर गिर गईं।

किसान सलाहकारों का कहना है कि पिछले 13 साल से बिहार सरकार हम लोगों को ठगने का काम कर रही है। हम लोगों को जनसेवक का दर्जा दिया जाए। हम लोगों ने पहले भी कई बार सरकार ने अपनी मांगों को पूरा करने की अपील की है, लेकिन सरकार ने अब तक इस पर ध्यान नहीं दिया। प्रदर्शन कर रहे किसान सलाहकारों के नेता जसवंत कुमार ने कहा कि हमारी सभी मांगे जायज है। हमलोग सालों से सेवा दे रहे हैं लेकिन हमें अबतक जनसेवक का दर्जा नहीं दिया गया है। हमारी मांग के समर्थन में बिहार के किसान भाई भी हैं। वहीं बिहार प्रदेश किसान सलाहकार संघ के अध्यक्ष राजा राम सिंह ने कहा कि हमलोग लंबे समय से सरकारी कर्मी का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं लेकिन विभाग इसपर कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। किसी तरह का आश्वासन भी नहीं दे रही है जिसके बाद हम अपनी मांगों के रखने के लिए सरकार के पास जा रहे थे। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार अगर हमारी मांग नहीं मानती है तो हम उग्र आंदोलन करेंगे।

### लाठीचार्ज पर बोले एसडीएम

पटना के एसडीएम श्रीकांत खांडेकर ने कहा कि किसान सलाहकारों को हमें तितर बितर करना पड़ा। इलाके में सीआरपीसी की धारा 144 लागू है। कोई भी विधानसभा के आसपास विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकता। गर्दनीबाग में प्रदर्शन करने की अनुमति है। अनुमति नहीं होने के बाद भी प्रदर्शनकारी गर्दनीबाग में प्रदर्शन कर सकते हैं। 4-5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### सीएम और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष में नोकझोंक

## नीतीशः आप मुरेठा क्यों बांधते हैं सम्राटः आपको कुर्सी से हटाना है





**केटी न्यूज/पटना**

विधान परिषद में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान बीजेपी आक्रामक दिखी। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी से सीएम नीतीश कुमार से नोकझोंक भी हुई। सीएम नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी से पूछा कि आप मुरेठा (पगड़ी) क्यों बांधते हैं। इस पर सम्राट चौधरी ने कहा कि आपको मुख्यमंत्री पद से हटाना है इसलिए पहने हैं। आपको मुख्यमंत्री पद से जब हटा देंगे तब पगड़ी उतारेंगे। इस काम के लिए आपका आशीर्वाद भी चाहिए।

इस वाकया पर सदन के बार मीडिया के सवाल पर सम्राट चौधरी ने कहा कि सदन में सीएम ने मुरेठा (पगड़ी) बांधने को लेकर सवाल किया तो इस पर मैंने कहा कि आपको सीएम पद से हटाना है। इसका यह संकल्प है, जिस दिन नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटाऊंगा उसी दिन यह पगड़ी खुलेगी। आगे उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से बिहार की सरकार विपक्ष को डराने का काम कर रही है, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है। बिहार में कोई डरने वाला नहीं है। जब तक नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से नहीं हटाया जाएगा तब तक बीजेपी चैन से नहीं रहने वाली है।

आगे बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम जनता के मुद्दों के लिए लड़ रहे हैं। मंगलवार को हजारों टीचरों पर लाठियां चलीं, इसपर हम लोगों ने कहा कि आप लोग सरकारी तौर पर गुंडागर्दी करवा रहे हैं। आप लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। जब हिटलरशाही नहीं चला तो नीतीशशाही भी नहीं चलेगा। इस बात को तो हमलोग कह रहे हैं और कहते रहेंगे।

## सभी थानों में लगाएं सीसीटीवी कैमरेः योगी

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर बैठक की। इसमें उन्होंने 'सेफ सिटी' परियोजना के कार्यों की समीक्षा की व इसके विस्तार की कार्ययोजना का अवलोकन किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने नगर निगम मुख्यालय वाले सभी शहरों और जनपद गौतम बुद्ध नगर मुख्यालय को सेफ सिटी के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए तो वहीं पुलिस थानों की कार्यप्रणाली में भी बदलाव के आदेश दिए, सीएम योगी ने कहा कि लोगों के परेशानियों को सुना जाए और उसका समाधान हो। सीएम ने कहा कि प्रदेश के सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसके संबंध में एक 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर' तैयार किया जाए। ये कार्य शीर्ष प्राथमिकता के साथ कराया जाए। उन्होंने कहा कि, थानों में जहां जनसुनवाई होती हो, वहां कैमरे जरूर लगें। सभी कैमरों की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए।




### 9 अगस्त 2023 तक आवेदन का मौका, 21 से 35 साल तय के युवक कर सकेंगे अप्लाई

# जेएसएससी के 904 पदों पर भर्ती के लिए करें आवेदन

**एजेंसी/रांची**




झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने झारखंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग ऑफिसर कांपटीटिव एग्जामिनेशन 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। वे कैंडिडेट्स जो जेएसएससी के इन पद के लिए आवेदन करना चाहते हों, वे झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। ऐसा करने के लिए जेएसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट jssc.nic.in पर रजिस्ट्रेशन लिंक खोल दिया गया है और इन पद के लिए अप्लाई करने की लास्ट डेट 9 अगस्त 2023 है। इस तारीख को रात 11.59 बजे तक फॉर्म भरा जा सकता है। इस परीक्षा के लिए एप्लीकेशन करेक्शन विंडो 15 अगस्त के दिन खोली जाएगी। 15 से लेकर 17 अगस्त 2023 तक आवेदनों में सुधार किया जा सकता है। बता दें कि तारीखों में बदलाव किया गया है। पहले रजिस्ट्रेशन 23 जून को शुरू होने थे और 22 जुलाई को खत्म होने थे। जेएसएससी जेआईटीओसीई 2023 के अंतगर्त कुल 904 पद पर भर्ती होगी। ये पद इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग ऑफिसर्स कांपटीटिव एग्जामिनेशन के माध्यम से भरे जाएंगे।

**कौन कर सकता है अप्लाईः** जेएसएससी के इन पद पर आवेदन करने के लिए जरूरी है कि कैंडिडेट के पास किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से संबंधित विषय में डिग्री हो। या आईटीआई/एनसीटी/डिग्री/डिप्लोमा (इंजीनियरिंग) किए कैंडिडेट्स भी अप्लाई कर सकते हैं। इन पद के लिए आयु सीमा 21 से 35 साल तय की गई है। आयु की गणना 1 अगस्त 2023 से की जाएगी। आरक्षित श्रेणी को ऊपरी आयु सीमा में सरकारी नियमों के मुताबिक छूट मिलेगी। इन पद पर आवेदन करने के लिए कैंडिडेट्स को 100 रुपये शुल्क देना होगा। इन पद पर सेलेक्शन मेन्स परीक्षा से होगा। ये एक ही एग्जाम है जो कैंडिडेट्स को देना होगा जिसके द्वारा सेलेक्शन किया जाएगा। सेलेक्ट होने वाले कैंडिडेट्स को डॉक्यूमेंट वैरीफिकेशन के लिए आना होगा। ये चयन का अंतिम चरण हैं।

## खबरें फटाफट

### डीटीओ पर प्रपत्र क गठित

**अरवल।** अपने कार्यों व दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही व उदासीनता बरतने के कारण तत्कालीन डीटीओ मृत्युंजय कुमार के खिलाफ प्रपत्र 'क' गठित कर जिलाधिकारी ने विभागीय कार्रवाई हेतु विभाग को संप्रेषित किया है। बता दें कि एक माह पहले जिलाधिकारी ने जिला परिवहन कार्यालय में अनियमितता को पाते हुए एक डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रियरंजन कुमार को सेवा वापसी एवं मृत्युंजय कुमार को परिवहन पदाधिकारी के पद से मुक्त करते हुए अभिजीत गोविंदा को डीटीओ का पदभार दिया गया था। जांच के बाद कार्रवाई की गई है।

### 382 विद्यालयों का किया गया निरीक्षण

**अरवल।** अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार के निदेशानुसार जिला अंतर्गत सभी विद्यालयों का निरीक्षण सप्ताह में कम से कम दो बार किया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य आधारभूत संरचनाओं, शिक्षकों की उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन योजना के सफलता की स्थिति, शौचालय की स्थिति, पीने के पानी की स्थिति इत्यादि का निरीक्षण किया जाना एवं कमियों को दूर करना है। इस क्रम में बुधवार को जिले में 382 विद्यालयों का निरीक्षण विभिन्न पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा किया गया।

### चोरी के आरोप में दुकान का स्टाफ गिरफ्तार

**जहानाबाद।** मखदुमपुर ब्लॉक मोड़ स्थित परिधान प्लाजा में काम करने वाला स्टाफ चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जो लंबे समय से दुकान से महंगे कपड़े की चोरी कर दूसरे दुकानों में बेचता था। चोरी का भंडाफोड़ होने पर पुलिस ने कार्रवाई की। बताया जाता है कि परिधान प्लाजा में उपेश कुमार उर्फ बिट्टू पिछले 4-5 वर्षों से सेल्समैन का काम करता था और दुकान से महंगे तथा ब्रांडेड कपड़े चुराकर बाहर बेचता था।

### तालाब की घेराबंदी करने वाले की गिरफ्तारी के लिए सड़क पर उतरे लोग

# करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से पीडीएस दुकानदार की मौत, सड़क जाम

**केटी न्यूज/आरा**


जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव स्थित बागीचे में बुधवार की सुबह करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से जन वितरण प्रणाली के डीलर की मौत हो गई। सुबह टहलने के दौरान पीडीएस दुकानदार तालाब के चारों ओर लगाए गये करंट प्रवाहित तार चपेट में आ गये। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। इस दौरान तार की चपेट में आने से एक नीलगाय की भी मौत हो गयी। मृतक खजुरिया गांव निवासी जनार्दन सिंह थे। जो खजुरिया पंचायत के पीडीएस दुकानदार थे और गांव में जन वितरण प्रणाली की दुकान चलाते थे। हादसे के बाद परिजन और ग्रामीण भड़क उठे। साथ ही, तालाब की करंट प्रवाहित तार से घेराबंदी करने वाले की गिरफ्तारी को लेकर लोग सड़क पर उतर गये।

आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ आरा बक्सर फोरलेन जाम कर



■ ग्रामीणों ने घटनास्थल से बरामद शराब पुलिस सौंपी, छीनबीन शुरू

दिया। जिसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। करीब एक घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सूचना मिलने पर आननफानन में मुफस्सिल थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर जाम हटाया। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।



जनार्दन सिंह के चचेरे भाई देव कुमार सिंह ने बताया कि गांव में एक बागीचा है। उसमें गांव के ही एक व्यक्ति का तालाब है। जो वहां पर शराब का कारोबार करता है। जिसके लिए उसने करंट प्रवाहित तार से तालाब की घेराबंदी करा रखी है। बुधवार की सुबह उनके चचेरे भाई रोज की तरह बागीचे में टहल रहे थे। उसी दौरान वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। उससे उनकी घटनास्थल मौत हो गई। जिसके बाद स्थानीय थाना, वन विभाग और बिजली विभाग को सूचना दी गयी। घटनास्थल पर पहुंची। देव कुमार सिंह ने बताया कि उन लोगों ने मौके से देशी शराब भी पुलिस को सौंपी है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि जनार्दन सिंह के परिवार में बेटी और एक बेटा अभिषेक कुमार सिंह है। उनकी पत्नी दुलारी देवी की मृत्यु कुछ बर्ष पूर्व हो गई थी। घटना के बाद में घर में कोहराम मच गया है। मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### स्पर्शाघात से किसान की मौत, मचा कोहराम

**आरा।** कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव में मंगलवार की रात करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। घटना तब हुई जब किसान सब्जी तोड़ने के बाद घर लौट रहा था। इसबीच रास्ते में टूटकर गिरे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। मृतक सरैया निवासी शंकर महतो का बेटा अखलेश महतो उर्फ भुअर महतो बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि देर शाम वह सब्जी तोड़कर वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान वह रास्ते में टूटकर गिरे करंट प्रवाहित तार टूट के चपेट में आ गये। उससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। काफी देर बाद भी वह घर वापस नहीं लौटे, तो खोजबीन शुरू की गयी। उस दौरान उन्होंने देखा कि सरैया गांव स्थित खेत के समीप वह मृत अवस्था मे पड़े है। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### अलग-अलग स्थानों से 56 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस को मंगलवार की रात मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान में सफलता मिली है। पुलिस ने अलग अलग स्थानों से 56 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। साथ ही, एक इनोवा कार भी जब्त की गयी। कोईलवर और शाहपुर इलाके में पुलिस के द्वार चलाए गए अभियान में यह सफलता हाथ लगी है। पकड़े गए तस्करों में नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज निवासी दीपक पासवान और शाहपुर थाना क्षेत्र के कनैली गांव निवासी जय प्रकाश पांडेय शामिल हैं। दीपक पासवान पूर्व में भी हेरोइन तस्करी में जेल जा चुका है।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम शाहपुर थाना क्षेत्र के कनैली गांव के पास हेरोइन की तस्करी की सूचना मिली। जिसके बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने कनैली पुल के पास छापेमारी कर जय प्रकाश पांडेय को गिरफ्तार किया। उसके पास से 98 पुड़िया में 40 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

**कोईलवर में कार से हेरोइन ला रहा था तस्कर :** कोईलवर थाने की पुलिस ने 16 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसकी इनोवा कार भी जब्त कर ली गयी है। वह पटना की ओर से लग्जरी इनोवा कार से हेरोइन लेकर राजू पासवानआरा आ रहा था। एसपी ने बताया कि रात सूचना मिली कि एक तस्कर सफेद रंग की लग्जरी कार से पटना की ओर से आरा आ रहा है। जिसके बाद एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित कर कोईलवर पुल के पास घेराबंदी कर कार पकड़ी गयी। तलाशी के दौरान कार से 16 ग्राम हेरोइन बरामद की गयी। उसके बाद उसे गिरफ्तार करते हुए कार जब्त कर ली गयी।

### दिल्ली यूथ पार्लियामेंट में जहानाबाद जिले से शामिल होंगे हजारों नौजवान : मुकेश

**जहानाबाद।** इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) जिला संयोजन समिति की बैठक भकाप माले जिला कार्यालय में की गई। बैठक में राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने सत्ता में आने से पहले हर साल दो करोड़ नौजवानों को रोजगार देने का वादा करने वाली सरकार की असलियत यह है कि संसद में एक सवाल का जबाव देते हुए सरकार ने खुद स्वीकार किया की पिछले 8 साल में मात्र 7.2 लाख रोजगार ही सरकार दे पाई है। जबकि 22 करोड़ नौजवानों ने इसके लिए आवेदन किया। हम रोजगार के जिन अवसरों के दम पर रोजगार पाने का सपना देखते हैं। आज उन्हीं अवसरों को अपने दुलारे पूंजीपतियों के हाथों नीलाम किया जा रहा है। एक तरफ मोदी सरकार नौजवानों के भविष्य पर बुलडोजर चला रही है दूसरी तरफ इसके खिलाफ आवाज उठाने वाले नौजवानों के साथ लाठी-डंडों से पेश आ रही है। साथ ही, इनके ऊपर फर्जी मुकदमें लगा कर जेल भेज रही है। इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने नौजवानों के सपनों पर चल रहे मोदी सरकार के बुलडोजर के खिलाफ देश भर में नौजवानों से संवाद कर उन्हें संगठित आन्दोलन के साथ जोड़ने के लिए देशव्यापी अभियान चला रहा है। इस अभियान को चलाते हुए हम संसद के मानसून सत्र एक अगस्त को दिल्ली में संसद के समक्ष यूथ पार्लियामेंट लगाएंगे। उन्होंने दिल्ली यूथ पार्लियामेंट में हजारों नौजवानो को चलने का आह्वान किया।

### मानस इंटरनेशनल की प्रिया, आसिफा व सुहानी का जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए चयन

**जहानाबाद।** स्थानीय किसान सभागार में मंगलवार को जी-20 द्वारा आयोजित शिक्षा को नई ऊंचाई पर ले जाने और रिसर्च व इनोवेशन आधारित गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिले के जिला पदाधिकारी रिची पांडेय के द्वारा किया गया। जिसके ब्रांड मिस्टर प्रभास कुमार थे। जहां मानस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दक्षिणी के प्रिया कुमारी, आसिफा इजाज एवं सुहानी का चयन जी-20 के शिखर सम्मेलन नई दिल्ली के लिए किया गया है। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डॉ अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि जी-20 दुनिया के 20 देशों का समूह है जिसे मुख्य तौर पर 20 देशों के वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नर का समूह भी कहा जाता है।

# अज्ञात वाहन ने अधेड़ चालक को रौंदा, मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के झझरिया पुल के समीप बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर बुधवार की सुबह अज्ञात वाहन ने एक अधेड़ व्यक्ति को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के दौरान आरा शहर के चंदवा स्थित निजी अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के तेघरा गांव वार्ड नंबर 3 निवासी परमेश्वर यादव बताया जा रहा है। जो पेशे से चालक था और निजी स्कूल का वाहन चलाता था।



मृतक के बेटे सोनू कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह गांव में स्थित खेत में बीज डालने गए थे। बीज डालकर जब वह पैदल घर वापस लौट रहे थे, तब अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद डाला। जिससे वह सड़क किनारे चार्ट में जा गिरे पड़े। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने जब उन्हें जख्मी हालत में चार्ट में पड़ा देखा तो उन्होंने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए चंदवा स्थित निजी अस्पताल ले आए। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन उनके शव को आरा सदर अस्पताल ले आए। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।







## खबरें फटाफट

### झाड़ी में छुपाकर रखी गयी शराब की खेप बरामद

**नावानगर।** सोनवर्षा पुलिस ने ओपी क्षेत्र के रामनगर बाल पर एक झाड़ी में छुपाकर रखा गया महुआ शराब की खेप बरामद किया है। हालांकि शराब तस्कर पुलिस के हाथ नहीं लगे। चूकि झाड़ी के ईर्द-गिर्द कोई भी मौजूद नहीं था। इधर शराब बरामद होने के बाद पुलिस ने तस्कर की पहचान कर लिया है। जिसमें एक महिला तस्कर अमरपुरी हाता निवासी धर्मशीला देवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरा तस्कर सहेन्द्र पासी की पुलिस गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रामनगर बाल पर शराब की खेप छुपाकर रखा गया है। सूचना पर पुलिस ने उक्त स्थान पहुंच शराब की खोजबीन करने लगे। घंटे भर प्रयास के बाद एक झाड़ी में छुपाकर रखा गया चार बोरी पुलिस के हाथ लग गई। पुलिस ने बोरी खोलकर देखा तो उसमें प्लास्टिक की थैली महुआ शराब से भरी हुई थी। जो 105 लीटर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। शराब बरामद होने के बाद पुलिस को तस्कर का सुराग मिला। जिसके बाद पुलिस ने महिला तस्कर को उसके घर से धर दबोचा। साथ ही पुलिस के पुछताछ में महिला तस्कर ने सहेन्द्र पासी के साथ शराब की खेप तस्करी करने की बात स्वीकार किया। इधर लोगों के अनुसार शराब की तस्करी के लिए रामनगर बाल तस्करों के लिए सेफ जोन बनता जा रहा है।

### आशा की हड़ताल से जिले में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**बक्सर।** आशा एवं आशा फैसिलिटेटर के संयुक्त मंच के आह्वान पर बुधवार को बक्सर जिला की सभी आशा एवं आशा फैसिलिटेटर ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। जिले के सभी प्रखंडों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आशा एवं आशा फैसिलिटेटर ने धरना किया। अपनी मांगों के समर्थन में नारे भी लगाए। सदर प्रखंड के आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ के बैनर तले एक विशाल धरना का आयोजन किया गया। कर्मियों के हडताल से लगभग सभी स्वास्थ्य सेवाएं जो समाज में दी जा रही है प्रभावित हो गया है। जिसमें परिवार नियोजन, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीरा देवी ने की। संचालन अरुण कुमार ओझा ने किया। सभा में जिला मंत्री चिकित्सा संघ आनंद कुमार सिंह, राज्य संघर्ष उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, किसान नेता भगवती प्रसाद, प्रिंस कुमार, उदय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनका कहना है कि सरकार उनकी 9 सूत्री मांगों को पूरा नहीं करती है तो आने वाले समय में वो आंदोलन को और तेज करेंगे।

#### फ्रिज व सोने की चेन के लिए ससुराल वाले कर रहे थे प्रताड़ित, पति व सास गिरफ्तार

# दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर शादी के दो माह बाद नवविवाहिता की हत्या

- नवविवाहिता की हत्या हुई है या फिर उसने आत्महत्या की है, इन दोनों पहलुओं पर जांच कर रही पुलिस
- मृतका के पिता ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराया केस

**केटी न्यूज/नावानगर**

बासुदेवा ओपी क्षेत्र के अमीरपुर टोला में शादी के दो माह बाद दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर एक नवविवाहिता की हत्या होने का मामला प्रकाश में आया है। नवविवाहिता की मायके वालों ने दहेज में फ्रिज एवं सोने की चैन की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। इधर हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे के लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया है। इस संबंध में मृतका गुड़ी देवी के पिता धनसोइ थाना के समहुता गांव निवासी संतोष कुमार ने पति समेत चार लोगों पर वासुदेवा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में मृतका के पिता ने बताया है कि मेरी बेटी गुड़ी कुमारी की शादी



विगत 3 मई 2023 को हुई थी। शादी में उपहार स्वरूप मेरे द्वारा अनेकों सामान दिया गया था। पर ससुराल में बेटी के जाने के बाद लोग फ्रिज और सोने की चैन के लिये उसे प्रताड़ित करने लगे। अंततः मांग पूरी नहीं होने पर मेरी पुत्री को उसके पति आनन्द कुमार उर्फ दुर्गेश कुमार, सास सावित्री देवी, ससुर ह्रदय नारायण सिंह और ननद द्वारा जहर देकर हत्या कर दिया गया है। इधर एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने पति आनन्द कुमार और सास सावित्री देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में बासुदेवा ओपीध्यक्ष विष्णु देव कुमार ने बताया कि विवाहिता के पिता द्वारा चार लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया गया है जिसमे पति और सास को गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

नवविवाहिता की हत्या हुई है या फिर उसने आत्महत्या की है, इन दोनों पहलू पर पुलिस जांच में जुटी है। चूंकि अमीरपुर के ग्रामीणों की मानें तो मृतका के ससुराल वाले काफी सीधे साधे परिवार है। इस संबंध में वासुदेवा ओपीध्यक्ष विष्णुदेव कुमार ने बताया कि दर्ज एफआईआर पर दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल दिया गया है। पर नवविवाहिता की हत्या हुई है या फिर खुद वह आत्महत्या की है। दोनों पहलू पर जांच की जा रही है।

### देवर ने विधवा भाभी से शादी से किया इंकार तो युवती ने दी जान

**ब्रह्मपुर।** जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका निमेज गांव की 25 वर्षीय खुशबु देवी बताई जा रही है। घटना की सूचना आग की तरह गांव में फैल गई। जिसकी सूचना मिलने पर ब्रह्मपुर थाने कील पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। उसके बाद पुलिस ने ससुराल वालों और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

जानकारी के अनुसार खुशबु का पति की करीब डेढ़ साल पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। शादी के कुछ दिनों बाद पति की मौत के कारण कोई बच्चा भी नहीं हुआ। जिसके कारण खुशबु अकेली और अवसाद में रहने लगी। यह देख परिजन और रिश्तेदरों ने खुशबु की शादी उसके देवर के कराने की सलाह देने लगे। इस बीच दोनों परिवारों में सहमति भी बन गई। लेकिन, परिवार के इस फैसले से खुशबु का देवर खुश नहीं था। उसने इस शादी से इन्कार कर दिया। जिसके बाद खुशबु ने बंधवार को आहत होकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, पुलिस ने मामले में देवर को हिरासत में ले लिया और शव का पोटस्मार्टम कराने के लिए बक्सर रवाना किया। पुलिस ने बताया कि खुशबु के परिजन दिल्ली में रहते हैं। परिजनों के बयान के आधार पर ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# गैस टैंकर और ट्रैक्टर में टक्कर, पांच मजदूर जख्मी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिले के नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एनएच 922 मुख्य सड़क पर इंडियन ऑयल के गैस टैंकर और ट्रैक्टर के आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें ट्रैक्टर पर सवार पांच मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घायलों में दो की हालत चिंताजनक बतायी जाती है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों की टीम ने बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना पुराना भोजपुर-नावाडेरा गांव के बीच की बतायी जाती है।

हादसे के बाद जख्मियों को गांव के समाजसेवियों व पुलिस-प्रशासन की मदद से तत्काल अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों



ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए दो जख्मियों को रेफर कर दिया। रेफर होने वाले जख्मियों में पटना के खुसरूपुर निवासी 45 वर्षीय रत्नेश कुमार सहित एक अन्य बताया जाता है जबकि अन्य जख्मियों की पहचान नवादा के बहुआरा गांव निवासी 40 वर्षीय अमन कुमार, गया निवासी 24 वर्षीय अनुज पासवान, 25 वर्षीय मुकेश पासवान और 50 वर्षीय रमेश कुमार के रूप में हुई है। हादसे के बाद टैंकर चालक फरार बताया जाता है। घटना की सूचना मिलते ही ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर कागजी कार्रवाई शुरू कर दी।

घटना को लेकर बताया जाता है कि सभी मजदूर बोरिंग लगाने का काम करते है। वह ट्रैक्टर पर अपने सामानों को लेकर बक्सर जा रहे थे। लेकिन पुराना भोजपुर-नावाडेरा के बीच उनकी ट्रैक्टर का टायर पंक्चर हो गया था। जिसके लिए उन्होंने सड़क किनारे ट्रैक्टर को खड़ा किया और टायर बदलने लगे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेल के टैंकर ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम वाहन नंबर के आधार पर मालिक व टैंकर चालक की खोज शुरू कर दी है।

### भारी मात्रा में शराब बरामद, चालक फरार

**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद किया। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर चालक भागने में कामयाब हो गया। लेकिन, पुलिस ने वाहन से जब्त कागजात के आधार पर छानबीन शुरू कर दी है। बताया जाता है कि बुधवार की देररात मुरार थाने की पुलिस रात्री गश्ती के लिए निकली थी। इस दौरान अल्लाउद्दीन मोड़ के समीप पुलिस की गश्ती वाहन जा रही थी। उसी दौरान शराब से भरी स्कॉर्पियो आ रही थी। पुलिस वाहन देख स्कॉर्पियो चालक ने गाड़ी खड़ी कर भाग निकला। पुलिस जवानों ने गाड़ी की तलाशी ली तो शराब की पेटियां रखी मिली। स्कॉर्पियो में किसी न देख उन्होंने वाहन की पूरी तलाशी ली। इस दौरान स्कॉर्पियो में चालक का पर्स और मोबाइल भी बरामद किया गया।

## चौसा ऐतिहासिक स्थल का चार करोड़ रु. से होगा सौंदर्यीकरण



- निर्माण शुरू करने को लेकर प्रथम किश्त की राशि एलॉट
- 12 माह में ऐतिहासिक मैदान का किया जाना है कायाकल्प

**केटी न्यूज/चौसा**

वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहा चौसा ऐतिहासिक मैदान का बहुत जल्द स्वरूप बदलने वाला है। साथ ही यह स्थल ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में विकसित भी किया जाएगा। इसके विकास व सौंदर्यीकरण के राज्य पर्यटन विभाग से मंजूरी मिल गई है। साथ ही इसके निर्माण प्रारम्भ करने हेतु प्रथम किश्त की राशि भी एलाटमेंट कर दी गई है।

बता दें कि विगत जनवरी माह में जिले में समाधान यात्रा के दौरान पहुंचे मुख्यमंत्री को चौसा नगर पंचायत के चेयरमैन किरण देवी द्वारा सौंदर्यीकरण के साथ पर्यटक स्थल घोषित करने के लिए पत्र के माध्यम से ज्ञापन दिया था। साथ ही राज्यपाल से भी भेंट कर उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से विकास व पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की गई थी। जिसके उपरांत मई माह में कैबिनेट की बैठक में इस स्थल के विकास के लिए प्रस्तावित की गई। जून माह विकास के लिए राज्य पर्यटन विभाग से मंजूरी भी दे दी गई। लगभग चार करोड़ की लागत से शेरशाह युद्धस्थली का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए प्रथम किश्त का एलाटमेंट भी कर दिया गया। इसके विकास के निर्माण अवधि भी तय कर दी गई है। पूरे 12 माह में ऐतिहासिक मैदान का कायाकल्प किया जाना है। बकायदा प्रस्तावित विकास निगम ने जिले को पत्र भी भेज दिया है। जिसमे बताया गया है कि राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा तीन करोड़ नवासी लाख सतहत्तर हजार रुपये से ऐतिहासिक मैदान के विकास व सौंदर्यीकरण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। जिसमे प्रथम किश्त के रूप में एक करोड़ 94 लाख अठासी हजार पांच सौ रुपये स्वीकृति के तहत जिले को भेज दी गई। इस राशि से चहारदीवारी का जीर्णोद्धार, टिकट कक्ष, शौचालय, मुक्त खड़े चबूतरे का कार्य, मुख्य द्वार व पिछला द्वार, पार्क का जीर्णोद्धार, कंक्रीट सड़क, लैंड स्केपिंग, गुड अर्थ, सैंड स्टोन से पाथवे, पार्क में दस बेंच तथा 35 सोलर लाइट इत्यादि लगाई जानी है।

### क्षेत्र के लोगों में विकास की जगी आस : चेयरमैन

चेयरमैन किरण देवी ने विकास व सौंदर्यीकरण की मंजूरी के साथ प्रथम किश्त स्वीकृत किये जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि वर्षो से उपेक्षित ऐतिहासिक स्थल का काया कल्प होगा। इतिहास पढ़कर आने वाले अब पर्यटक निराश हो अब वापस नही जायेंगे। उन्होंने बताया कि समाधान यात्रा के तहत मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया था। साथ ही राज्यपाल से मिलकर पर्यटन स्थल घोषित किये जाने के लिए ज्ञापन दिया गया था। अब इसके मंजूरी से क्षेत्र के लोगों में विकास के प्रति आस जगी है।

## शिक्षक नियुक्ति नियमावली का विरोध करने वाले शिक्षकों पर विभाग करेगा कार्रवाई

**केटी न्यूज/बक्सर**

अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 के विरोध में आंदोलन करने वाले शिक्षकों पर विभाग कार्रवाई करेगा। इसको लेकर निदेशक प्राथमिक शिक्षा ने सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक के साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश जारी कियो है। जारी निर्देश के अनुसार अध्यापक नियुक्ति नियमावली का विरोध करने वाले शिक्षकों परे कारवाई सुनिश्चित की जानी है। इसको लेकर प्राथमिक शिक्षा के निदेशक पंकज कुमार ने पत्र जारी कर निर्देश दियो है। निर्देश सभी क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को जारी किया गयो है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से लगातार समाचार प्रकाशित हो रहा है कि वर्तमान में कार्यरत स्थानीय निकाय के शिक्षकों द्वारा नई नियुक्ति नियमावली के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जा रहो है। जिसमें कहा गया है कि यदि कोई भी स्थानीय निकाय के नियोजित शिक्षक अथवा अन्य कोई भी सरकारी कर्मी नियुक्ति नियमावली के विरोध में धरना प्रदर्शन या अन्य सरकार विरोधी कार्यक्रम में भाग लेता है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई अविलंब करना सुनिश्चिते करेंगे।

नियमावली 2020 की कंडिका-17 में यथा विहित आचार संहिता के उल्लंघन का मामला प्रकाश में आने पर तदनुसार समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन मामले को विडियोग्राफी कराना भी सुनिश्चित कियो जाए। जिससे आचार संहिता उल्लंघन के अमले को चिन्हित करना सुलभे हो।

ज्ञात हो कि शिक्षकों की नियुक्ति नई नियमावली के तहते बीपीएससी के माध्यम से की जानी है। जिसको लेकर नियोजित शिक्षक लगातार धरना प्रदर्शन व विरोध जताने की प्रक्रिया में लगे हुऐ हैं। जिस को ध्यान में रखते हुए विभाग सख्त नजर आने लगो है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नई नियुक्ति नियमावली के विरोध में धरना प्रदर्शन करने वाले नियोजित शिक्षकों पर

#### टीबी मुक्त पंचायत अभियान की सिमरी बीडीओ ने की समीक्षा, दिए दिशा निर्देश

# पंचायतों में चौपाल लगा लोगों को करें जागरूक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में टीबी मुक्त पंचायत अभियान जोरों पर है। जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक योजना के तहत तैयारियां शुरू हैं। इस क्रम में सिमरी प्रखंड विकास पदाधिकारी शशिकांत शर्मा ने टीबी मुक्त पंचायत अभियान की समीक्षा की। साथ ही, विभागीय स्तर पर कार्यों की जानकारी ली। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत पहल का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में कार्य करना है। जिसके तहत पंचायती राज संस्थाओं का सशक्तीकरण हो। ताकि टीबी जैसी बीमारी की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ कर आंकलन किया जा सके।

अभियान के लिए चयनित पंचायतों में टीबी उन्मूलन में सार्थक पहल किया जाए। इसके लिए ग्राम पंचायतों के साथ आयोजित बैठकों



में जिला के संचारी रोग पदाधिकारी (टीबी) एवं जिला पंचायती राज्य पदाधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा, गतिविधियां एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं गैर सरकारी सहयोगी संगठनों, टीबी चैम्पियन, निक्षय मित्र सहित सामाजिक कार्यकताओं के बीच परस्पर समन्वयन स्थापित कर संवाद एवं साझा दायित्वों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा कर जानकारी दी जाएगी।

**अभियान को सफल बनाने में सभी का सहयोग जरूरी :** प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेमचंद प्रसाद ने बैठक में बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर चयनित पंचायतों में प्रति एक हजार जनसंख्या पर 50 संभावित मरीजों की खोज की जानी है। सर्वे में टीबी के मरीजों की पुष्टि होने पर उक्त पंचायत में हर साल टीबी के नए रोगियों की खोज के लिए सर्वे किया। वहीं, प्रति एक हजार की आबादी पर दो अथवा इससे कम मरीज मिलने पर उक्त पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया जाएगा। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक अभियान चलाने का निर्देश दिया। कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में सभी का सहयोग जरूरी है। इसके लिए सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर वार्डों व गांवों में चौपाल लगाया जाए। जिसमें ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों की पहचान, जांच, इलाज और बचाव की जानकारी दी जाए। इससे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए टीबी की जांच कराने में सहूलियत मिलेगी। बीडीओ ने टीबी मुक्त पंचायत अभियान के लिए चयनित बलिहार और सिमरी पंचायतों पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया। बैठक में सीडीपीओ सुष्मिता सृजा, बीएचएम संजीव रंजन, बीसीएम विनोद सिंह, एसटीएस पिंकी कुमारी समेत एलएस व आशा फैसिलिटेटर मौजद रही।



## खबरें फटाफट

### 21 सूत्री मांग पत्र सीएम को सौंपा

**बलिया।** 21 सूत्री जन सरोकार की मांगें लेकर किसान भाइयों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान सीएम को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। मांग किया कि संपूर्ण भारत में पुरानी पेंशन बहाली की जाए, अग्निवीर की सेवावधि 20 वर्ष हो, मनरेगा मजदूरी प्रतिदिन 500 हो, आंगनबाड़ी सहासिका, रसोइया व आशा बहू का मानदेय कम से कम 15000 हो, विधायक व सांसद निधि समाप्त हो सहित 21 सूत्री मांगें। इस मौके पर रामाज्ञा जी, बब्बन यादव, डा. रमेश जी, रविशंकर प्रधान आदि मौजूद रहे।

### पांच दिनों के मौसम का पूवार्नुमान जारी

**गाजीपुर।** आपदा विशेषज्ञ अशोक राय ने पांच दिनों के पूवार्नुमान की बुलेटिन जारी की है। उन्?होंने बताया कि जिले में भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त आगामी पांच दिनों के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार गहरे बादल छाए रहने की संभावना के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 31 से 35 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 से 27 डिग्री के बीच रह सकता है तथा पूर्वी हवा औसत 12 से 13 किमी प्रति घंटा से चलने की उम्मीद है। उन्होंने लोगों को सुझाव देते हुए बताया कि आकाशीय बिजली की जानकारी व नुकसान से बचने के लिए दामिनी एप्लीकेशन का प्रयोग करें।

### पिता ने डांटा तो युवक ने लगाई फांसी

**मऊ।** जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र के महुवीं गांव में पिता की डांट से क्षुब्ध होकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि भूपेंद्र श्रीवास्तव पुत्र राजेंद्र मोहन श्रीवास्तव 22 वर्ष निवासी महुवीं थाना मधुबन अपने घर से देर रात तक बाहर घूमा करता था। मंगलवार की रात में आने पर पिता ने उसे डांट फटकार लगा दी और सभी लोग अपने कमरे में सोने चले गए। बुधवार की सुबह जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने इधर-उधर से झांक कर देखा तो अपने कमरे में फांसी के फंदे से झूल रहा था। कयास लगाया जा रहा है कि पिता की डांट से छुब्ध होकर युवक ने फांसी लगा ली।

### सड़क किनारे खाई में गिरी कार

**बलिया।** सिकन्दरपुर के कठौड़ा गांव में सरयू नदी में स्नान कर दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी,घटना में ड्राइवर समेत सभी पांच लोग सुरक्षित हैं। मिली जानकारी जानकारी के अनुसार मंगलवार को क्षेत्र के कठौड़ा गांव स्थित जंगली बाबा स्थान के पास सरयू नदी में स्नान कर मौनी बाबा स्थान के तरफ दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार मौनी बाबा स्कूल के सामने तकनीकी खराबी के कारण रफ़्तार तेज हो जाने के कारण सड़क किनारे गहरे खाई में जा गिरी। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों नें दौड़कर सभी कार सवार श्रद्धालुओं को कार का दरवाजा खोलकर बाहर निकाला।

### जिलाधिकारी ने की बाढ़ से बचाव एवं संचालित सभी परियोजनाओं की समीक्षा

# बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने कसी कमर, 13 परियोजनाओं में 12 पूर्ण

**केटी न्यूज/बलिया**

बाढ़ की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जिले में बाढ़ के बचाव एवं संचालित कुल 13 परियोजनाओं की समीक्षा की गई।जिसमें 12 परियोजनाएं पूर्ण कर ली गई है और एक परियोजना सुरक्षित लेवल पर पहुंच गई है उसको भी पूर्ण कर लिया जाएगा।



जिलाधिकारी ने कहा कि संवेदनशील एवं कटान वाले स्थानों को चिन्हित किया जाय और सभी एसडीएम लेखापाल एवं कानूगो से समन्वय स्थापित रखे। सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि अपने-अपने तहसील के जेई/ऐई आपस में समन्वय बनाए रखें। कटान वाले स्थानों पर निरंतर निगरानी रखी जाए, यदि आबादी को विस्थापित करने की आवश्यकता हो तो उसके लिए पहले से स्थान चिन्हित कर लिया जाए। समस्त बाढ़ चौकियां/बाढ़ शरणालय

**■ कटान वाले स्थानों पर निरंतर निगरानी रखने का दिया निर्देश**

क्रियाशील कर दिया जाय। बाढ़ से किसी प्रकार की जन हानि ना होने पाए इसके लिए विशेष उपाय किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि समस्त सीएचसी/पीएचसी पर पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध कराई जाए तथा आवश्यकता अनुसार बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामीणों के पास चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

**स्थापित किया जाए कंट्रोल रूम:** जिलाधिकारी ने बाढ़ से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ के दृष्टिगत अपने-अपने विभाग की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाए, जहां मेरी आवश्यकता हो मुझसे व्यक्तिगत या दूरभाष पर संपर्क कर अवगत कराया जाए। बाढ़ के समय किसी प्रकार भी की स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि बाढ़ सुरक्षा समितियां बनाई जाए व कंट्रोल रूम स्थापित कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं और उसकी सूची आपदा विभाग को उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही अपने अपने क्षेत्र में बाढ़ की तैयारियां पूर्ण कर उसकी समीक्षा भी करने को कहा और अपने बाढ़ क्षेत्रों के गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उसकी सूची एडीएम को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि मालदेपुर रोड पर लटके तार एवं बाढ़ क्षेत्रों में भी तत्काल ठीक कराने को कहा।

## भोजन की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मध्यान्ह भोजन योजना की समीक्षा की। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को को निर्देश दिया कि मध्यान्ह भोजन योजना के तहत बनने वाले भोजन की गुणवत्ता और मानक सरकारी मानक के अनुसार होने चाहिए। इसकी समीक्षा के दौरान जिला अधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि शिकायत संबंधित जो भी चिट्ठी आपके पास भेजी जाती है उसकी सही से जांच नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना की कोई भी रिपोर्ट सही तरीके से पुट अप नहीं होती है।
उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूल के अध्यापकों के माध्यम से बच्चों में साफ सफाई की आदत संबंधी जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने प्रत्येक खंड शिक्षा अधिकारियों से पूछा कि उनके यहां कितने स्कूल हैं और कितने स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान जो भी शिक्षक अनुपस्थित पाया जाता है उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को मॉडल स्कूल बनाने को लेकर कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी एक टीम बनाकर अच्छे स्कूल बनाने के लिए अभियान चलाए। इस अभियान में जो भी स्कूल बढ़िया प्रदर्शन करेगा उसको प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## नाबालिग को भगाने के मामले में फरार आरोपित महिला गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

बांसडीह कोतवाली पुलिस टीम को नाबालिक को भगाने के मामले में फरार चल रही अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। बुधवार को उप निरीक्षक संतोष कुमार मय हमराह नेहा देवी के द्वारा थाना बांसडीह पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वर्ष 2021 से फरार चल रही अभियुक्ता पार्वती देवी पत्नी लक्ष्मन यादव निवासिनी भोजपुरवा डेरा थाना बांसडीह को भोजपुरवा स्थित अभियुक्ता के डेरा के पास से महिला आरक्षी की मदद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता के विरुद्ध थाना बांसडीह पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

उल्लेखनीय है कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी वादी मुकदमा द्वारा वर्ष 2021 में अपनी नाबालिक पुत्री के बहला फुसला कर भगाने के मामले में स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें गिरफ्तार अभियुक्ता सहित उसके भाई पूर्वी गोपालपुर थाना रेवती निवासी वकील यादव एवं एक अन्य भृगु यादव पर मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और पार्वती देवी फरार चल रही थी।

## उच्चकों ने छीना मोबाइल, पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस

**केटी न्यूज/बलिया**

एक तरफ सरकार महिलाओ के प्रति होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने का भरपूर प्रयास कर रही है, महिलाओ को कोई परेशानी न हो इसके लिये महिला हेल्पलाइन शुरू की है, या अन्य किसी भी संकट के समय 112 नंबर पर फोन कर सहायता देने की व्यवस्था कर रखी है। लेकिन अगर किसी युवती को संकट के समय उपरोक्त में से किसी भी सेवा से सहायता न मिले तो यह स्थानीय पुलिस प्रशासन की सबसे बड़ी नाकामी कही जायेगी। ऐसे ही एक पीड़ित शिक्षिका के साथ घटित हुई है और शासन द्वारा संचालित किसी भी सेवा से घटना के बाद सहायता नहीं मिली है। यहां तक कि चौकी इंचार्ज ने यह कहते हुए तहरीर लेने से इंकार कर दिया क्योंकि उस समय लड़की के पास मोबाइल का आईएमईआई नंबर नहीं था।

घटना बलिया जनपद के सुखपुरा थाना क्षेत्र के हनुमानगंज पुलिस चौकी के करनई का है। पीड़िता यहां स्थित डीएसईटी स्कूल में अभी तीन दिन पहले से ही पढ़ाना शुरू की थी कि मंगलवार को दिन के 14:22 बजे स्कूल से घर मिड्ढी बलिया के लिये ऑटो में बैठते ही सुपर स्पेंडर सवार युवकों द्वारा नाक पर प्रहार कर उसका मोबाइल छीन लिया गया और फरार हो गये। युवती इसकी सूचना 112 पर देने की कोशिश की लेकिन फोन नही उठा। फिर महिला हेल्पलाइन पर फोन किया तो वहां से कहा गया कि थोड़ी देर बाद बात करो। हद तो तब हो गयी जब चौकी इंचार्ज हनुमानगंज के पास लड़की ने पहुंच कर जब घटना से संबंधित लिखित जानकारी देकर एफआईआर दर्ज कराने की बिनती की गयी तो साहब ने कहा पहले आईएमईआई नंबर लेकर आओ तब मुकदमा दर्ज होगा। पीड़िता जो पहले से ही डरी सहमी थी, घर गयी और पुलिस के व्यवहार और उच्चको के कृत्य से इतनी डरी हुई थी कि दुबारा पुलिस के पास जाने के अपने भाई के माध्यम से ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराने में ही भलाई समझी।

## अधिशासी अधिकारी ने भ्रमण कर नगर की स्थिति का लिया जायजा

**केटी न्यूज/बलिया**

सिकन्दरपुर नगर के विभिन्न वार्डों में व्याप्त समस्याओं के बारे में सभासद/उनके प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराने पर अधिशासी अधिकारी सीमा राय ने नगर भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। वार्डो की समस्याओं से ईओ को अवगत कराने वालों में समाजसेवी नीरज सोनी वार्ड नं.11 वार्ड नं.10 के सभासद प्रतिनिधि राकेश चौहान सहित वार्ड नं. एक के रामजी वर्मा, वार्ड नं.12 के जितेंद्र सोनी, वार्ड नं.14 के मनौवर हुसेन हैं।



जिन्होंने अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया था कि नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाइट नहीं जलती है, जिसको जलवाना आवश्यक है। स्ट्रीट लाइट नही जलने से बरसात होने के कारण रात्रि में काफी दिक्कतों का सामना नागरिकों को करना पड़ता है। वहीं समुचित सफाई के अभाव में अधिकांश नालियां बजबजा रही हैं। अनेक ऐसी नालियां हैं जिन की आज तक सफाई नहीं कराया गया है। जिससे कि निकासी के अभाव में बरसात का पानी इकट्ठा होकर लोगों के घरों में घुसने के साथ ही सड़कों पर फैल कर आवागमन बाधित कर रहा है।उन्होंने टूटे हुए नालों का अभी तक मरम्मत नहीं कराए जाने की शिकायत की। मामले को गम्भीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी ने सभी वार्डों का स्थलीय निरीक्षण मंगलवार को किया तथा आश्वासन दिया कि शीघ्र ही सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान वार्ड नंबर 1 के प्रतिनिधि रामजी वर्मा ने शिकायत दर्ज कराया कि इस वार्ड में कई सारी समस्याएं हैं, जिनका समाधान नहीं होने के कारण वार्ड के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### राष्ट्रीय सचिव ने रामगोविंद चौधरी जनपद के कटान क्षेत्र का किया दौरा, कहा-

# कटान पीड़ितों की अनदेखी नहीं करेंगे बर्दाश्त

**केटी न्यूज/बलिया**

बार-बार पत्राचार करने के बाद भी प्रदेश सरकार घाघरा नदी से हो रहे जनपद के अनेक गांव में कटाव को रोकने हेतु कोई बचाव कार्य नहीं कर रही है। शासन में बैठे लोग कटान पीड़ितों को अपने हाल पर छोड़ दिए हैं जो उचित नहीं है। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने घाघरा नदी के कटान से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद प्रेस को जारी अपने बयान में कही है।



रामगोविन्द चौधरी बांसडीह विधानसभा क्षेत्र के रेंगहा, रामपुर नंबरी और चितविसाव आदि कटान प्रभावित गांव का दौरा किया। ज्ञात हो कि मैं पूर्व में भी कई बार प्रदेश के मुख्यमंत्री और जल शक्ति मंत्री को कटान रोधी कार्य कराने हेतु पत्र लिख चुका हूं परंतु दुख होता है कि अनेक गांव के किसानों की खेती योग्य भूमि कटान से नदी में विलीन हो रहे हैं साथ ही गांवों के अस्तित्व पर भी खतरा हैं इतने महत्वपूर्ण जनहित के कार्य को सरकार अनदेखा कर रही हैं। अगर फिर भी घाघरा के किनारे बसे लोगों के सुरक्षा नही की जाती हैं तो समाजवादी पार्टी इसके लिए बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी क्योंकि राजनैतिक दल एवं राजनैतिक कार्यकर्ता का पहला काम जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु सार्थक पहल का है। राष्ट्रीय सचिव ने सरकार पर हमलावर अंदाज में कहा कि भाजपा सरकार का विकास से कोसों दूर का कोई संबंध नहीं है यह लोग समाज में वैमनस्यता और बिखराव पैदा कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने के अलावा और कुछ नहीं करते। जनहित के कार्यों से इनका कोई लेना देना नहीं है सिर्फ और सिर्फ जुमला बोलना आश्वासन देना इनका काम है। भाजपा सरकार के डायरी में बलिया का नाम अंकित ही नहीं है। या तो इन्हें 2024 में केंद्र विदाई का एहसास हो गया है या बलिया के स्वाभिमान को यह चिढ़ा रहे हैं लेकिन बलिया के लोग अपना विकास का हिस्सा लेना अच्छी तरह से जानते हैं और उस विकास का हिसाब आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में जरूर होगा।

## एक नजर

### बैंक क्रेडिट लिंकेज की लक्ष्य प्राप्ति के लिए बैंक अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला

**गाजीपुर।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्वयं सहायता समूहों के बैंक क्रेडिट लिंकेज के लक्ष्य प्राप्ति के लिए जनपद के समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में किया गया।



मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त स्वतः रोजगार गोपाल कृष्ण चौधरी के द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यशाला के उद्देश्य से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बैंकर्स के सहयोग से ही स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाया जाना है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने कहा कि बैकर्स उन्मुखीकारण के कार्यशाला के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंध में बैंकर्स को विस्तृत जानकारी की जायेगी। जिससे स्वयं सहायता समूहों के बचत खाता एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज में बैंक प्रबन्धकों का सहयोग मिले एवं जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हो सके जिससे स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को अधिक से अधिक गतिविधियों को जोडा जा सकें। जिससे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा प्रयास किया जा रहा है।

### दिव्यांगों के लिए ब्लॉक वार शिविर का आयोजन

**गाजीपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेंद्र विश्वकर्मा ने दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा जनपद स्तर पर एक शिविर का आयोजन किया जाना है। यह शिविर तिथि वार अलग-अलग विकास खंडों में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई 2023 को विकास खंड कासिमाबाद में, 17 जुलाई 2023 को विकास खंड बिरनो, 19 जुलाई 2023 को विकास खंड मुहम्मदाबाद, 21 जुलाई 2023 को विकास खंड मरदह एवं 22 जुलाई 2023 को विकास खंड सदर में एक बृहद शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के लिए चिन्हांकन कराया जाना है। उन्होंने सभी दिव्यांगजनों से अनुरोध किया है कि उपरोक्त विकास खंड में निर्धारित तिथि पर प्रातः 11:00 बजे पहुँचकर अपना चिन्हांकन कराएं। जिससे सभी पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, बैशाखी, छड़ी एवं अन्य उपकरण से लाभान्वित किया जा सके।

### धान रोपई कर रही महिला की सर्पदंश से मौत

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के उतरौली गांव में धान की रोपाई करते समय सर्पदंश के चलते विवाहिता पूजा रानी (24) की मौत हो गई। इसके चलते परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठी हो गई। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मृत विवाहिता के पति रमेश राजभर ने बताया कि उसकी पत्नी अपने खेत में परिवार व अन्य लोगों के साथ धान की रोपाई कर रही थी। इसी दौरान वह जोर से चिल्लाने लगी। इसके बाद जब मौके पर जाकर देखा तो सर्प उसकी पत्नी के बाएं पैर और घुटने के उपर जकड़ लिया था।डंडे से किसी तरह उसे छुडाया गया। इसके तत्काल बाद आनन-फानन में उसे गहमर स्थित बक्शा बाबा के यहां ले गए, लेकिन आराम न मिलने पर उसे बड़ेसर थाना क्षेत्र के अमवा के सती माई के यहां ले जाया गया, जहां उसकी हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाते समय पत्नी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

